न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,सिमडेगा।

दाखिल खारिज अपील वाद संख्या – 27/2015 – 2016

लखन नगेसिया वगै0

बनाम

झारखण्ड सरकार

दिनांक 29/08/2022

प्रस्तुत वाद दाखिल खारिज द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध अपील दायर किया गया है। वाद की कार्यवाही आवेदकगण लखन नगेसिया वो पिगु नगेसिया वो प्रभु नगेसिया पिता स्व0 तहसील नगेसिया ग्राम गोंदलीपानी थाना सिमडेगा जिला सिमडेगा के द्वारा दाखिल खारिज वाद संख्या 27/2015-16 दिनांक .... को अंचल अधिकारी सिमडेगा द्वारा अस्वीकृत दाखिल खारिज के विरुद्ध स्वीकृति हेतु अपील दायर किया गया है। दाखिल खारिज वाद संख्या – 27/2015 – 2016 के अनुसार प्रश्नगत् भूमि की विवरणी निम्नवतः हैः–

मौजा	थाना	थाना नं0	खाता न0	प्लॉट न0	रकबा
गोंदलीपानी	सिमडेगा	18	38	कुल 24	7.38 एकड़
			37	104	0.10 एकड़0
				105	0.40 एकड़
				109	0.08 एकड़
				कुल	**0.58 एकड़**

वाद की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए दिनांक 20.07.2016 को दोनो पक्षो को नोटिस निर्गत किया गया था । दिनांक 08.08.2016 को अंचल अधिकारी सिमडेगा से निम्न न्यायालय से न्यायालय की मांग की गई थी। अंचल अधिकारी सिमडेगा के द्वारा निम्न न्यायालय का अभिलेख प्राप्त है। अभिलेख के अवलोकन से ज्ञात होता है कि उभय पक्षों को न्यायालय में संबंधित वाद की सुनवाई हेतु उपस्थित होने के लिए आदेशित किया जाता रहा है। दिनांक 22.08.2016 से दिनांक 26.07.2022 तक उभय पक्षों के द्वारा अधिवक्ताओं के माध्यम से हाजरी पड़ी और ना ही उभय पक्षों व्यक्तिगत रुप से न्यायालय में सशरीर उपस्थित हो सके। ऐसा प्रतीत होता है कि उभय पक्षों को दाखिल खारिज वाद संख्या 27/2015-16 वाद की सुनवाई में व्यक्तिगत रुप से अभिरुचि नहीं है इनकी मनसा शायद न्यायालय के समय का बर्बाद करने का है। ऐसे स्थिति में वाद संख्या 27/2015-16 को संचिकास्त किया जा सकता है । फिर भी यदि आवेदक की इच्छा हो तो संबंधित वाद को न्यायालय में पुनः सुनवाई हेतु आवेदन पत्र समर्पित करते हुए अनुरोध कर सकते है।

लेखापित एवं संशोधित।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सिमडेगा।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सिमडेगा।

Digitally signed by MAHENDRA KUMAR
Date: 2022.10.12 17:55:23 +05:30
Location: 10.93.64.4